# जनगणना 2027 के प्रथम चरण का शुभारंभ

## प्रगणक-पर्यवेक्षक फील्ड के लिए रवाना, मकान सूचीकरण एवं भवन गणना कार्य 1 से 30 मई तक चलेगा, कर्मचारियों को वितरित किए गए ओआरएस और पेयजल

**नवभारत न्यूज**
**भिंड 01मई.** भारत सरकार के निर्देशानुसार जनगणना 2027 के प्रथम चरण अंतर्गत मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना कार्य का शुभारंभ शुक्रवार, 1 मई 2026 को नगर पालिक निगम भिण्ड में उत्साह एवं सुव्यवस्थित ढंग से किया गया। इस अवसर पर नगर पालिक निगम भिण्ड के कम्युनिटी हॉल में विशेष कार्यक्रम आयोजित कर जनगणना कार्य से जुड़े प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों का स्वागत किया गया तथा उन्हें क्षेत्रीय कार्य हेतु रवाना किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ कलेक्टर एवं प्रमुख जिला जनगणना अधिकारी भिण्ड के नेतृत्व में संपन्न हुआ। इस दौरान जनगणना कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए नियुक्त सभी प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों का माल्यार्पण कर अभिनंदन किया गया और राष्ट्रीय दायित्व के निर्वहन के लिए शुभकामनाएं दी गईं। भीषण गर्मी को ध्यान में रखते हुए प्रशासन द्वारा फील्ड में कार्यरत कर्मचारियों के स्वास्थ्य एवं सुविधा का विशेष ध्यान रखा गया। कार्यक्रम के दौरान सभी प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों को शीतल पेयजल की बोतलें एवं ओआरएस पैकेट वितरित किए गए, ताकि वे क्षेत्र भ्रमण के दौरान स्वस्थ रहकर पूरी ऊर्जा के साथ कार्य कर सकें। औपचारिक शुभारंभ के बाद सभी प्रगणक एवं पर्यवेक्षक अपने-अपने निर्धारित वार्डों में पहुंचे, जहां मकान सूचीकरण कार्य का विधिवत प्रारंभ किया गया। फील्ड भ्रमण के दौरान मकानों पर क्रमांक अंकित कर गणना प्रक्रिया शुरू की गई।

प्रशासन के अनुसार जनगणना 2027 के प्रथम चरण अंतर्गत 1 मई से 30 मई 2026 तक नगर पालिक निगम भिण्ड के सभी वार्डों में मकान सूचीकरण एवं भवन गणना का कार्य सघन रूप से संचालित किया जाएगा। कलेक्टर एवं प्रमुख जिला जनगणना अधिकारी ने बताया कि यह प्रक्रिया जनगणना 2027 की आधारभूत एवं अत्यंत महत्वपूर्ण कड़ी है, जिसके अंतर्गत प्रत्येक भवन, आवासीय एवं व्यावसायिक इकाई का विवरण संकलित किया जाएगा। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे प्रगणकों को सही एवं पूर्ण जानकारी उपलब्ध कराकर इस राष्ट्रीय अभियान में सक्रिय सहयोग करें। उन्होंने कहा कि जनगणना केवल आंकड़ों का संकलन नहीं, बल्कि देश के विकास की आधारशिला है। नागरिकों द्वारा उपलब्ध कराई गई सही जानकारी ही भविष्य की योजनाओं, संसाधनों और विकास कार्यों की दिशा तय करेगी। कलेक्टर ने प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि जनगणना कार्य अनुशासन, गंभीरता एवं जिम्मेदारी के साथ समयबद्ध रूप से पूरा किया जाए। उन्होंने भरोसा दिलाया कि प्रशासन का पूरा सहयोग कर्मचारियों के साथ रहेगा तथा किसी भी प्रकार की समस्या होने पर तत्काल जानकारी दी जाए। उन्होंने जानकारी दी कि भारत सरकार के निर्देशानुसार जनगणना चरणबद्ध तरीके से संपन्न होगी। सभी प्रगणकों को मकान सूचीकरण एवं परिवार रजिस्टर तैयार करने हेतु आवश्यक सामग्री, प्रगणक बैग एवं अन्य दस्तावेज पहले ही उपलब्ध करा दिए गए हैं तथा पूर्व में प्रशिक्षण भी दिया जा चुका है।



### कलेक्ट्रेट भिण्ड में कंट्रोल रूम स्थापित

जनगणना को सुगमता एवं व्यवस्थित रूप से पूर्ण कराने के उद्देश्य से कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी भिण्ड द्वारा जिला स्तर पर कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। यह कंट्रोल रूम सीएम हेल्पलाइन कक्ष, कलेक्ट्रेट भिण्ड में स्थापित किया गया है। कंट्रोल रूम के प्रभारी अधिकारी के रूप में श्री गोरखनाथ, सहायक सांख्यिकी अधिकारी, जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय भिण्ड को जिम्मेदारी सौंपी गई है। कंट्रोल रूम में जनगणना कार्य से संबंधित समस्याओं के त्वरित निराकरण एवं समन्वय के लिए विभिन्न अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ड्यूटी निर्धारित की गई है।

## अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस पर सीटू ने दी श्रद्धांजलि




**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 01 मई.** अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर भिण्ड जिले में सेंटर ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियंस (सीटू) से संबद्ध विभिन्न यूनियनों द्वारा श्रमिक आंदोलन के अमर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर जिले के विभिन्न स्थानों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों पर लाल कपड़ा एवं सीटू के झंडे फहराकर मजदूर दिवस मनाया गया।

कार्यक्रम में वक्ताओं ने बताया कि 1 मई 1886 को अमेरिका के शिकागो शहर में श्रमिकों ने 8 घंटे काम, 8 घंटे विश्राम और 8 घंटे समाज निर्माण की मांग को लेकर ऐतिहासिक संघर्ष किया था। इस संघर्ष एवं शहादत के परिणामस्वरूप दुनिया भर के श्रमिकों और कर्मचारियों को 8 घंटे कार्य दिवस का अधिकार प्राप्त हुआ।कार्यक्रम में श्रमिक नेताओं ने वर्तमान श्रम नीतियों पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि श्रमिकों के अधिकारों की रक्षा आज भी बड़ी चुनौती बनी हुई है। जिले में मजदूर दिवस पर भवन निर्माण मजदूर, हम्माल-पल्लेदार, तुलावटी एकता फेडरेशन गोहद, कृषि उपज मंडी भिण्ड, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता-सहायिका एकता यूनियन सीटू सहित विभिन्न संगठनों ने अपने-अपने स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किए। इस दौरान शिकागो के अमर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में सीटू जिला अध्यक्ष विनोद सुमन, जिला महासचिव अनिल दौनेरिया, सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल रहे।

## कलेक्टर ने किया नीट (यूजी) परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण



**भिंड.** आगामी 3 मई 2026 को आयोजित होने वाली नीट (यूजी) परीक्षा को लेकर जिला प्रशासन द्वारा तैयारियां तेज कर दी गई हैं। इसी क्रम में कलेक्टर किरोड़ी लाल मीणा ने परीक्षा के लिए बनाए गए केंद्रों का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया और तैयारियों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने एम.जे.एस. शासकीय महाविद्यालय भिण्ड पहुंचकर परीक्षा संबंधी व्यवस्थाओं की सूक्ष्मता से जांच की। उन्होंने राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कॉलेज परिसर में साफ-सफाई, सुरक्षा व्यवस्था, परीक्षार्थियों के बैठने की समुचित व्यवस्था, स्वच्छ शौचालय, पेयजल उपलब्धता तथा परीक्षा कक्षों में प्रकाश व्यवस्था का निरीक्षण किया। इसके साथ ही उन्होंने सभी कक्षों में लगे सीसीटीवी कैमरों की क्रियाशीलता की जानकारी ली और व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने के लिए कॉलेज प्राचार्य को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि परीक्षा के दिन परीक्षार्थियों को समय पर परीक्षा कक्ष तक पहुंचाने के लिए प्रभावी अनाउंसमेंट सिस्टम की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि किसी भी छात्र को देरी या भ्रम की स्थिति का सामना न करना पड़े।

कलेक्टर ने कहा कि नीट (यूजी) जैसी राष्ट्रीय स्तर की महत्वपूर्ण परीक्षा के आयोजन में किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

## वीर सपूत अतुल को नम आंखों से दी विदाई



**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 01 मई.** अटेर विधानसभा अंतर्गत ग्राम रमा में जन्मे भारतीय सेना के जवान शहीद अतुल यादव को सैन्य सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी गई। वे दुर्गम क्षेत्र में 1821 मीडियम रेजिमेंट में फील्ड ड्यूटी के दौरान गंभीर बीमारी से संघर्ष करते हुए शहीद हो गए। उनके निधन की खबर से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई।शहीद अतुल यादव का पार्थिव शरीर गांव पहुंचने पर पूरे क्षेत्र में गमगीन माहौल हो गया। ग्वालियर से आई सेना की टुकड़ी ने शहीद जवान को अंतिम सलामी देकर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान प्रशासन की ओर से तहसीलदार मोहनलाल शर्मा ने शहीद को श्रद्धासुमन अर्पित किए।

अंतिम दर्शन के दौरान शहीद की पत्नी प्रज्ञा यादव एवं माताजी की हालत बेहद भावुक कर देने वाली रही। श्रद्धांजलि देते समय दोनों बेसुध हो गईं। परिवार की पीड़ा देखकर उपस्थित हर व्यक्ति की आंखें नम हो गईं। विशेष रूप से यह परिवार पहले भी देश सेवा में सर्वोच्च बलिदान दे चुका है। इंडियन वेटरन ऑर्गनाइजेशन के जिला संयोजक एवं समाजसेवी सुनील फौजी ने जानकारी दी कि शहीद अतुल यादव के पिता सुभाष चंद्र यादव वर्ष 1999 के कारगिल युद्ध में पाकिस्तान से लड़ते हुए शहीद हुए थे।

वीर पिता के शहीद स्मारक के समीप ही पुत्र शहीद अतुल यादव का अंतिम संस्कार किया गया। उनके छोटे भाई गजेंद्र यादव ने मुखाग्नि दी। एक ही परिवार के दो पीढ़ियों द्वारा देश के लिए सर्वोच्च बलिदान देने की यह घटना क्षेत्र के लोगों के लिए गर्व और भावुकता का विषय बन गई।

अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में सैनिक संगठन एवं ग्रामीणजन शामिल हुए। इस अवसर पर आईवीओ भारत के संभागीय अध्यक्ष सूबेदार मेजर सुरेश सिंह तोमर, जिला अध्यक्ष सूबेदार मेजर शिव बहादुर सिंह भदौरिया, सूबेदार कैलाश सिंह सांकरी, सहित अन्य पूर्व सैनिक एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## भागवत कथा विवाद गहराया, संत ने दी आत्मदाह की चेतावनी

**नवभारत न्यूज**
**गोहद, 02 मई.** नगर में आयोजित हो रही श्री मद्भागवत कथा को लेकर अब विवाद गंभीर रूप लेता जा रहा है। सिसोनिया स्टेडियम में चल रहे इस धार्मिक आयोजन के संबंध में एक लिखित शिकायत सामने आई है, जिसमें प्रशासनिक अव्यवस्था और असहयोग के गंभीर आरोप लगाए गए हैं।

शिकायत पत्र के अनुसार, कथा आयोजन के लिए प्रारंभ में अनुमति गौशाला प्रांगण के लिए दी गई थी, लेकिन बाद में प्रशासन द्वारा स्थल बदलकर सिसोनिया स्टेडियम कर दिया गया। आयोजकों का कहना है कि यह स्थान शहर से दूर होने के कारण श्रद्धालुओं की उपस्थिति पर सीधा असर पड़ा और अपेक्षित भीड़ नहीं पहुंच सकी।

पत्र में नगर पालिका के सीएमओ महेश जाटव पर आरोप लगाते हुए कहा गया है कि उन्होंने निर्धारित स्थान पर कथा आयोजित नहीं होने दी और जबरन स्थल परिवर्तन कराया। इसके साथ ही, भीषण गर्मी के बावजूद पानी जैसी मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था नहीं की गई, जिससे श्रद्धालुओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

आयोजन से जुड़े लोगों का यह भी कहना है कि कथा के आमंत्रण पत्र में जिन मुख्य जजमान और सहयोगी बताया गया था, उन्होंने भी किसी प्रकार का सहयोग नहीं किया। शिकायत में उल्लेख है कि इन परिस्थितियों के कारण कथा आयोजन प्रभावित हुआ और धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंची। इसी से आहत होकर कथा वाचन कर रहे संत ने इसे सनातन धर्म का अपमान बताते हुए कड़ा रुख अपनाया है। संत ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं की गई तो वे आत्मदाह जैसा कदम उठाने को मजबूर होंगे। इस पूरे घटनाक्रम के बाद नगर में तनावपूर्ण स्थिति बन गई है। स्थानीय लोगों और श्रद्धालुओं में आक्रोश देखा जा रहा है, वहीं प्रशासन की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।



## सुनील शर्मा ने कांग्रेसजनों से किया संवाद

### मेहगांव में कांग्रेस नेता रामहरी शर्मा एडवोकेट के निवास पर हुआ भव्य स्वागत

**नवभारत न्यूज**
**मेहगांव 01 मई.** आज को जिला कांग्रेस भिंड की समन्वय बैठक उपरांत मध्य प्रदेश कांग्रेस के महामंत्री प्रभारी भिंड सुनील शर्मा मेहगांव निज निवास शिव बैकुंठ सदन पर पधारे जहां पर मध्य प्रदेश कांग्रेस के पूर्व प्रदेश महासचिव प्रभारी श्योपुर रामहरी शर्मा एडवोकेट और कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं द्वारा आत्मीय स्वागत किया इस अवसर पर कार्यकर्ताओं से संवाद करते हुए प्रभारी सुनील शर्मा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की नीतियों से आमजन किसान व्यापारी बुरी तरह से त्रस्त है आने वाले समय में प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनाने के लिए प्राण प्राण से मेहनत करें इस अवसर पर रामहरी शर्मा के अलावा कांग्रेस नेता जबर सिंह कुशवाहा रमेश कांकर संदीपन शर्मा मोहर सिंह जाटव नंदकिशोर राठौर बंटी राजावत आशीष शर्मा एडवोकेट इत्यादि जन बड़ी संख्या में उपस्थित थे



## बुद्ध ने जीवों पर दया और सत्य के मार्ग पर चलने का संदेश दिया : महंत रामजी

### संत शिरोमणि गुरु रविदास आश्रम में बुद्ध पूर्णिमा पर भव्य कार्यक्रम

**नवभारत न्यूज**
**मालनपुर, 01 मई.** मालनपुर क्षेत्र के हरीराम की कुइया स्थित संत शिरोमणि गुरु रविदास आश्रम में बुद्ध पूर्णिमा के पावन अवसर पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस उपलक्ष्य में विशाल भंडारे का भी आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ आश्रम के महंत श्री श्री 1008 रामजी नंद महाराज एवं क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों द्वारा महात्मा गौतम बुद्ध के छाया चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन करने के साथ हुआ। इस अवसर पर महंत श्री रामजी नंद महाराज ने अनुयायियों को संबोधित करते हुए कहा कि महात्मा गौतम बुद्ध ने हमें सदैव सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी है। उन्होंने समस्त जीवों पर दया करने का संदेश दिया। हमें बुद्ध के बताए मार्ग पर चलकर उनके विचारों का अनुसरण करना चाहिए।

महंत जी ने समाज में बढ़ती बुराइयों पर चिंता व्यक्त करते हुए सभी से नशे से दूर रहने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि नशा व्यक्ति, परिवार और समाज तीनों को खोखला कर देता है।



कार्यक्रम के समापन पर आश्रम में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, ग्रामीणों एवं श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर प्रसादी ग्रहण की। इस अवसर पर रामनारायण हिंडोलिया पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष, नवाब सिंह पूर्व जनपद सदस्य, रामप्रकाश बंसल, महावीर प्रसाद पूर्व शिक्षक , अमर सिंह सोनी, महेश मूलनिवासी, महेंद्र बौद्ध, डॉ महेश चौरसिया, बृजेंद्र पाल बंसल, पान सिंह, कल्लू अहिरवार आदि बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं ग्रामीण जन मौजूद रहे।

## श्रमिकों का हुआ सम्मान, राष्ट्र निर्माण की असली नींव हैं श्रमिक : आदित्य

**नवभारत न्यूज**
**मालनपुर, 01 मई.** अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस के अवसर पर औद्योगिक क्षेत्र मालनपुर स्थित स्टर्लिंग एग्रो (नोवा) प्रोडक्ट्स कंपनी में श्रमिक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कंपनी के एचआर हेड आदित्य शुक्ला ने सभी श्रमिकों को माला पहनाकर एवं जूस पिलाकर उनका अभिनंदन और स्वागत किया। इस अवसर पर आदित्य शुक्ला ने कहा कि राष्ट्र निर्माण में श्रमिकों का योगदान कभी भुलाया नहीं जा सकता। फैक्ट्री की मशीनें चलाने से लेकर देश की अर्थव्यवस्था को गति देने तक, हर ईंट में श्रमिक का पसीना लगा है। श्रमिक वाकई सम्मान के हकदार हैं और उन्हें हर स्तर पर सम्मान मिलना चाहिए। एक मई सिर्फ छुट्टी का दिन नहीं, बल्कि मजदूरों और कामगारों के त्याग को नमन करने का दिन है।कार्यक्रम में कंपनी के एचआर मैनेजर अभिषेक पांडे ने श्रमिकों को संबोधित करते हुए कहा, कंपनी की प्रगति का आधार आप सभी की मेहनत है। आपके बिना उत्पादन संभव नहीं। प्रबंधन हर कदम पर आपके कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। श्रमिकों की सुरक्षा और सम्मान हमारी पहली प्राथमिकता है।मजदूर सेवा संगठन के जिला अध्यक्ष बृजेंद्र पाल बंसल ने श्रमिकों को पुष्प देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा, श्रमिक देश का गौरव हैं। सरकार और उद्योग दोनों को मिलकर इनके अधिकारों की रक्षा करनी होगी। संगठन हमेशा मजदूरों की आवाज बनकर खड़ा रहेगा।



वहीं समाजसेवी सचिन शर्मा ने कहा, श्रमिक दिवस हमें याद दिलाता है कि विकास की हर मंजिल श्रमिकों के कंधों पर टिकी है। समाज का कर्तव्य है कि वह श्रम के महत्व को समझे और श्रमिकों को उचित सम्मान दे। आज का यह आयोजन दूसरों के लिए भी प्रेरणा बनेगा।समारोह के दौरान कंपनी परिसर में उत्साह का माहौल रहा। सभी श्रमिकों ने प्रबंधन का आभार जताया और कहा कि ऐसे आयोजनों से उनका मनोबल बढ़ता है। कार्यक्रम का समापन श्रमिकों के साथ सामूहिक जलपान से हुआ।

## नप मालनपुर में जनगणना कार्यक्रम का शुभारंभ

**नवभारत न्यूज**
**मालनपुर, 01 मई.** नगर परिषद मालनपुर कार्यालय में शासन की मंशा एवं निर्देशानुसार जनगणना कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ, जिसमें समस्त सुपरवाइजर एवं प्रगणकों का अध्यक्ष रायश्री मुकेश किरार एवं सीएमओ रेहान अली द्वारा पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया गया।कार्यक्रम के दौरान प्रगणकों को आवश्यक सहयोग एवं प्रोत्साहन प्रदान करते हुए उन्हें पानी की बोतलों का वितरण भी किया गया तथा सभी उपस्थित सुपरवाइजर एवं प्रगणकों के लिए नाश्ते की भी व्यवस्था की गई।



ताकि वे अपने कार्य को सुचारु रूप से संपादित कर सकें। साथ ही, जनगणना कार्य को सफलतापूर्वक पूर्ण करने हेतु समस्त वार्ड प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में प्रगणकों को पूर्ण सहयोग प्रदान करें एवं कार्य में किसी भी प्रकार की बाधा उत्पन्न न होने दें। इस अवसर पर सूरज परमार, अखिलेश तोमर, ब्रजेश कुमार, अफजॉन अली सहित नगर परिषद मालनपुर का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा एवं सभी ने कार्यक्रम की सफलता हेतु अपना सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम का समापन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ तथा सभी संबंधितों को जनगणना कार्य को जिम्मेदारी एवं तत्परता के साथ पूर्ण करने हेतु प्रेरित किया।

## मजदूर दिवस पर 'महंगाई का हथौड़ा : कमर्शियल सिलेंडर पर 993 रूपए बढ़े

**नवभारत न्यूज**
**भिंड /मेहगांव 01 मई** 1 मई से 19 किलो वाले कमर्शियल सिलेंडर की कीमत 993 बढ़ाकर 3071.50 कर दी गई है। आम आदमी पार्टी ने इसे छोटे व्यापारी, रेहड़ी-पटरी वालों और मेहनतकश जनता की रसोई पर सीधा हमला बताया।

आप पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता विवेक शर्मा ने कहा 'मजदूर दिवस पर केंद्र सरकार ने 993 का महंगाई बम फोड़ा है। एक झटके में सिलेंडर 2078.50 से बढ़ाकर 3071.50 कर देना, ढाबे, चाय-टिफिन सेंटर और कैटरिंग चलाने वाले लाखों परिवारों की कमर तोड़ने जैसा है। ये लूट सीधे उनकी थाली पर है।



चुनाव खत्म होते ही भाजपा का असल चेहरा सामने आ गया। बंगाल-असम चुनाव तक दाम रोके गए, चुनाव निपटते ही 993 का बोझ लाद दिया गया। मध्यप्रदेश में भिंड से बालाघाट तक 2 लाख से ज्यादा छोटे कारोबारी इसी सिलेंडर पर निर्भर हैं। अब हर महीने 4000-5000 का अतिरिक्त खर्च आएगा। मजबूरी में गरीब की थाली 50 से 70 हो जाएगी। घरेलू सिलेंडर 913 रखकर सरकार केवल दिखावा कर रही है, असली मार आम आदमी पर है।

इसी सिलेंडर पर 7 मार्च को 104, 2 अप्रैल को 195, अब 1 मई को 993 - 55 दिन में तीन बार दाम बढ़े। ये आर्थिक नीति नहीं, खुली मुनाफाखोरी है।'

आप की मांग:

1. 993 की बढ़ोतरी 24 घंटे में वापस हो। 2. रेहड़ी-ढाबे वालों के लिए सब्सिडी वाला कमर्शियल सिलेंडर तुरंत जारी हो। 3. पिछले 6 महीने की टैक्स वसूली का श्वेत पत्र सार्वजनिक हो।

विवेक शर्मा ने चेतावनी दी कि फैसला वापस नहीं हुआ तो आम आदमी पार्टी सभी जिला मुख्यालयों पर खाली सिलेंडर लेकर 'महंगाई वापस लो' आंदोलन करेगी।

## मेहगांव में कांग्रेस नेताओं का स्वागत, सैकड़ों कार्यकर्ता रहे मौजूद

### मेहगांव। मेहगांव में कांग्रेस नेताओं का भव्य स्वागत, सैकड़ों कार्यकर्ता रहे मौजूद

**नवभारत न्यूज**
**मेहगांव 01 मई.** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मेहगांव के तत्वाधान में भिंड ग्रामीण कांग्रेस कमेटी के जिला संगठन प्रभारी श्री दिनेश गुर्जर एवं शहर कांग्रेस कमेटी के जिला संगठन प्रभारी श्री सुनील शर्मा के मेहगांव आगमन पर डांक बंगला तिराहे पर भव्य एवं जोरदार स्वागत किया गया। कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर सैकड़ों की संख्या में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। स्वागत कार्यक्रम में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष देवेंद्र निगम, पूर्व विधानसभा प्रत्याशी राहुल भदोरिया, प्रदेश सचिव प्रमोद चौधरी, रामहरि शर्मा एडवोकेट, बृजेंद्र सिंह राजावत, कल्लू भारौली, जगदीश शर्मा, इलियास खान एडवोकेट, लाइक सिंह गुर्जर, जबर सिंह कुशवाह, नगर अध्यक्ष बदन सिंह राठौर, गौरमी ब्लॉक अध्यक्ष संजीव शर्मा, नगर अध्यक्ष सुंदर सिंह यादव, अमायन ब्लॉक अध्यक्ष दीपेंद्र फौजी, डॉ. सुल्तान सिंह नरवरिया प्रदीप मुदगल, बबलू त्यागी, नरेश सिंह भदोरिया, भूपेंद्र सिंह भदोरिया, शिवम भदौरिया, नरेश सिंह राठौर, बल्लू पाल, जगत सिंह यादव, रामजीलाल पार्षद, मनीष शिवहरे, पंचम सिंह सरपंच, जवान सिंह गुर्जर, संजू भदोरिया, राकेश इंदौरिया, राजू जटव, अशोक सिंह सखवार, सुरेंद्र पाल, मोहर सिंह इदौरिया, शुभम आजाद, रामहेत राठौर, भगवान दास जाटव, धर्मेंद्र सिंह भदोरिया, राजेश कटारे, जगदीश खन्ना, रामसिया बंसल, अशोक अर्गल, ओमप्रकाश बरैया, कुंदन सिंह, सतीश शर्मा, राजेश भदौरिया, बंटी बिथरिया, शैलेन्द्र सिंह भदोरिया, राजेश कामत, कल्लू यादव, गिरीश दंडोतिया, सोनू थोकदार, आशीष शर्मा और गोल्डी शर्मा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन मौजूद रहे।



कार्यक्रम में कांग्रेस नेताओं ने संगठन को मजबूत करने और आगामी रणनीति पर चर्चा की। उन्होंने कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया।

## मुस्कान अभियान में मिली सफलता

**भिंड .** मुस्कान अभियान के तहत गुमशुदा नाबालिग बालक-बालिकाओं की तलाश के लिए विशेष अभियान चलाया गया। यह अभियान 1 अप्रैल 2026 से 30 अप्रैल 2026 तक संचालित किया गया, जिसका उद्देश्य गुम बच्चों की शीघ्र पतारसी कर उन्हें सुरक्षित परिजनों तक पहुंचाना था। जिले के समस्त अनुविभागीय अधिकारी पुलिस एवं थाना प्रभारियों के नेतृत्व में विशेष टीमें गठित की गईं। टीमों को अधिक से अधिक गुमशुदा बालक-बालिकाओं की खोज कर सुरक्षित दस्तयाबी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

CHANGE OF NAME

I hitherto Known as **SAROJ KUMARI** W/O **RAMNATH** Resident of GRAM KALYANPURA POST KACHONGRA, DIST-BHIND MADHYA PRADESH 477332, have changed my name and shall hereafter be known as **REEMA**.